Check Point Threat Extraction secured this document
Get Original

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - प्रीपेड गिफ्ट कार्ड

प्रश्न: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड क्या है?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड एक मैग्नेटिक-स्ट्रिप आधारित प्रीपेड कार्ड है, जो उपहार देने का एक अनूठा और खास तरीका प्रदान करता है।

प्रश्न: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड के क्या उपयोग हैं?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड उन संगठनों के लिए एक आदर्श समाधान है जो अपने कर्मचारियों, विक्रेताओं और ग्राहकों को प्रेरित करने और पुरस्कृत करने के लिए अधिक लचीले और कम खर्चीले तरीके खोज रहे हैं।

प्रश्न: मैं NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड का उपयोग कहां कर सकता हूं?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड भारत में RuPay, VISA और Mastercard स्वीकार करने वाले सभी आउटलेट्स पर मान्य है - इसमें रिटेल स्टोर और ऑनलाइन मर्चेंट्स भी शामिल हैं।

कृपया ध्यान दें कि NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड का उपयोग केवल भारत में ही किया जा सकता है।

प्रश्न: कार्ड में मौजूद बैलेंस का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

उत्तर: गिफ्ट कार्ड में उपलब्ध बैलेंस का उपयोग करने का एकमात्र तरीका कार्ड से खरीदारी करना है।

प्रश्न: क्या मैं अपने NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड से कैश निकाल सकता हूँ?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड का उपयोग कैश निकालने के लिए नहीं किया जा सकता है।

प्रश्न: क्या NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड में पैसे डालने की कोई सीमा है?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड में कम से कम ₹100 से ज़्यादा से ज़्यादा ₹10,000 डाले जा सकते है।

प्रश्न: क्या NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड में दोबारा पैसे डाले जा सकते है?

उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड में दोबारा पैसे नहीं डाले जा सकते। इसे जारी करते समय केवल एक बार ही पैसे डाले जा सकते है।

प्रश्न: NSDL पेमेंट्स बैंक कार्ड की वैधता कब समाप्त होती है?

उत्तर: यह कार्ड जारी होने की तारीख से कम से कम 12 महीने की अवधि के लिए वैध है। वैधता की यह अवधि कार्ड

पर अंकित होती है या फिर कार्ड तब तक ही वैध रहेगा जब तक इसकी वैधता समाप्त न हो जाए या कार्ड में लोड की गई पूरी राशि खर्च न हो जाए, जो भी पहले हो। कृपया खरीदारी के समय कार्ड पर दी गई वैधता तिथि जरूर देख लें।

प्रश्न: यदि मेरा NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड खो जाए या चोरी हो जाए तो मुझे क्या करना चाहिए?
उत्तर: कार्ड खो जाने पर, कृपया NSDL पेमेंट्स बैंक ग्राहक सेवा को +9122 42022190 पर सूचित करें। खोए हुए कार्ड को ब्लॉक कर दिया जाएगा ताकि भविष्य में उस कार्ड से कोई खरीदारी न की जा सके।

प्रश्न: नया कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?
उत्तर: कार्ड बदलने के अनुरोध के लिए ग्राहक +9122 42022190 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रश्न: क्या NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड पर खर्च की जा सकने वाली राशि की कोई सीमा है?
उत्तर: NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड का उपयोग कम से कम ₹49/- से लेकर कार्ड में उपलब्ध अधिकतम बैलेंस तक किसी भी राशि के लिए किया जा सकता है।

प्रश्न: मैं अपने NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड की बैलेंस कैसे चेक करूँ?
उत्तर: ग्राहक सेल्फ-केयर पोर्टल https://prepaid.nsdlbank.co.in/ और https://prepaidcard.nsdlbank.co.in/ के माध्यम से बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रश्न: क्या मुझे अपना NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड भारत के बाहर के पते पर मिल सकता है?
उत्तर: नहीं, NSDL पेमेंट्स बैंक गिफ्ट कार्ड भारत के बाहर किसी भी स्थान पर डिलीवर नहीं किए जा सकते।

प्रश्न: मैं एक गिफ्ट कार्ड से दूसरे कार्ड में पैसे कैसेट्रांसफर कर सकता हूँ?
उत्तर: NSDL पेमेंट्स गिफ्ट कार्ड पर किसी अन्य कार्ड में पैसे ट्रांसफर करने का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।